# Candidate Marks Report

## *Series : Mar-Apr 2017*

This candidate's script has been assessed using On-Screen Marking. The marks are therefore not shown on the script itself, but are summarised in the table below.

| | | | |
|---|---|---|---|
| Centre No : | RPSC | Assessment Code : | Paper - IV_2 |
| Candidate No : | 405543 | Component Code : | 01 |
| Candidate Name : | NONAME | | |

Total Marks : **114 / 200**

In the table below 'Total Mark' records the mark scored by this candidate.
'Max Mark' records the Maximum Mark available for the question.

Paper: 8006A

Paper Total: 114 / 200

| Question | Total Mark / Max Mark |
|---|---|
| 1 | 2 / 2 |
| 2 | 2 / 2 |
| 3 | 1.5 / 2 |
| 4 | 2 / 2 |
| 5 | 2 / 2 |
| 6 | 1.5 / 2 |
| 7 | 1.5 / 2 |
| 8 | 1.5 / 2 |
| 9 | 1 / 2 |
| 10 | 2 / 2 |
| 11 | 2 / 2 |
| 12 | 2 / 2 |
| 13 | 2 / 2 |
| 14 | 2 / 2 |
| 15 | 1.5 / 2 |
| 16 | 2 / 2 |
| 17 | 1 / 2 |
| 18 | 1 / 2 |
| 19 | 1 / 2 |
| 20 | 2 / 2 |
| 21 | 1 / 2 |
| 22 | 1.5 / 2 |
| 23 | 1 / 2 |
| 24 | 1 / 2 |
| 25 | 1 / 2 |
| PartB1 | 3.5 / 10 |
| PartB2 | 4 / 10 |
| PartB3 | 3 / 10 |
| PartB4 | 2.5 / 10 |
| PartB5 | 4 / 10 |
| PrtC1 | 4 / 10 |
| PrtC2 | 4 / 10 |
| 1 | 0 / 1 |

Shailesh khairva

Rank 2-A

RAS Topper Copies 2016

| | |
|---|---|
| 2 | 1 / 1 |
| 3 | 0 / 1 |
| 4 | 1 / 1 |
| 5 | 1 / 1 |
| 6 | 1 / 1 |
| 7 | 1 / 1 |
| 8 | 1 / 1 |
| 9 | 1 / 1 |
| 10 | 1 / 1 |
| 11 | 1 / 1 |
| 12 | 1 / 1 |
| 13 | 1 / 1 |
| 14 | 1 / 1 |
| 15 | 1 / 1 |
| 16 | 1 / 1 |
| 17 | 1 / 1 |
| 18 | 0 / 1 |
| 19 | 1 / 1 |
| 20 | 1 / 1 |
| 21 | 1 / 2 |
| 22 | 1 / 2 |
| 23 | 1 / 2 |
| 24 | 1 / 2 |
| 25 | 2 / 2 |
| 26 | 1 / 2 |
| 27 | 1 / 2 |
| 28 | 0 / 2 |
| 29 | 2 / 2 |
| 30 | 2 / 2 |
| 31 | 5 / 10 |
| 32 | 5 / 10 |
| 33 | 5 / 10 |
| 34 | 6 / 10 |

RAS Topper Copies 2016

58567

PART - I

Paper Code

**P-4**

405543

RAS Topper Copies 2016

## IMPORTANT NOTES
## महत्त्वपूर्ण निर्देश

(A) Please fill up the OMR Sheet of this Question-Answer Booklet properly before answering.
प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करने से पूर्व उसके संलग्न ओ.एम.आर. पत्रक को भली प्रकार से भर लें ।

(B) The question paper is divided into different unit and parts. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in each unit and parts.
प्रश्न-पत्र विभिन्न यूनिट एवं भागों में विभाजित है । प्रत्येक यूनिट एवं भाग में से किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस यूनिट एवं भाग में अंकित किये गए हैं ।

(C) Attempt answers either in **Hindi or English**, not in both. For Language Papers, answer in concerned language and script, unless directed otherwise to write in Hindi or English specifically.
उत्तर **अंग्रेजी या हिन्दी** भाषा में से किसी एक में दीजिये, दोनों में नहीं । भाषा विषयक प्रश्नों के उत्तर उनकी संबद्ध भाषा व लिपि में ही दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के लिए अलग से हिंदी या अंग्रेजी में उत्तर देने के लिए न लिखा गया हो ।

(D) The candidates should not write the answers beyond the prescribed limit of words; failing this, marks will be deducted.
अभ्यर्थियों को अपने उत्तर निर्धारित शब्दों की सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए । इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जायेंगे ।

(E) Please write answers only in the prescribed space of booklet. Do not write any mark of identity inside the Answer Script (including Paper for rough work) i.e. name, address, telephone number, Name of God etc. or any irrelevant words other than the answer of question. Such act will be treated as unfair means. The Commission may also deduct 5 marks from the marks obtained, if Roll Number is not filled correctly on the O.M.R. Sheet.
किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें । प्रश्नोत्तर पुस्तिका (रफ कार्य के पृष्ठ सहित) के अंदर कहीं पर भी अपना नाम, रोल नंबर अथवा अन्य कोई पहचान चिह्न यथा -- प्रश्नोत्तर में नाम, पता, दूरभाष नंबर, देवताओं के नाम अथवा अन्य कोई भी प्रश्नोत्तर से असम्बंधित शब्द, वाक्य एवं अंक आदि न लिखें । ऐसा करने पर आयोग द्वारा इसे अनुचित साधन अपनाने का कृत्य माना जायेगा । ओ.एम.आर. पत्रक पर रोल नम्बर का त्रुटिपूर्ण अंकन करने पर आयोग द्वारा उसके प्राप्तांकों में से 5 अंक भी काटे जा सकते हैं ।

(F) Candidates are directed that they should not write (answer) out side the border line in every page. Answer written out side the border line will not be checked by the Examiner.
अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रत्येक पृष्ठ में बनाई गई बार्डर लाईन से बाहर प्रत्युत्तर नहीं लिखें । बार्डर लाईन के बाहर लिखे गये उत्तर को परीक्षक द्वारा जाँचा नहीं जायेगा ।

(G) If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English version of the question, the English version will be treated as standard.
यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।

(H) The Question-Answer Booklet is provided in a sealed envelope to the candidate. Candidate must sign the declaration as per directions printed on the envelope and return it to the invigilator.
अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका सीलबंद लिफाफे में प्रदान की गई है । अभ्यर्थी लिफाफे पर अंकित निर्देशों को पढ़कर घोषणा पर हस्ताक्षर कर लें और उसे अभिजागर को वापस कर दें ।

(I) Candidate should fill up all desired details on this attached OMR sheet of Question-Answer Booklet with **blue** ball point pen. Please ensure that this OMR Sheet is not torn or damaged.
अभ्यर्थी प्रश्नोत्तर पुस्तिका के ऊपर संलग्न इस ओ.एम.आर. पत्रक पर सभी वांछित विवरण **नीले** बॉल पेन से सावधानीपूर्वक भरें । ध्यान रखें कि यह ओ.एम.आर. पत्रक कहीं से कटे-फटे नहीं अथवा किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हो ।

(J) This **OMR** Sheet consists of **Two** parts, in which some information is pre-printed; remaining details have to be filled by the candidate.
यह **ओ.एम.आर.** पत्रक **दो** भागों में बंटा है, जिसमें कतिपय सूचनाएँ पूर्वमुद्रित हैं । शेष की पूर्ति अभ्यर्थी को करनी है ।

(K) If the Question-Answer Booklet is torn or not printed properly, bring it to notice of invigilator and change the Question-Answer booklet, otherwise the candidate will be liable for that.
यदि प्रश्नोत्तर पुस्तिका कहीं से कटी-फटी या अमुद्रित है, तो अभिजागर के ध्यान में ला दें तथा उसे बदलवा ले, अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा ।

**विशेष नोट :**
अभ्यर्थी द्वारा यदि ओ.एम.आर. पत्रक पर गलत सूचना भरी जाती है या उसे किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा उस पर किसी प्रकार का पहचान चिह्न अंकित किया जाता है, तो आयोग द्वारा संपूर्ण परीक्षा हेतु अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा ।

**Special Notes :**
If there is any wrong information filled by the candidate or any attempt is made to damage it or any marking as identification is done, then his candidature for the entire examination shall be rejected by the commission, for which he will be liable.

RAS Topper Copies 2016

# PAPER – IV GENERAL HINDI & GENERAL ENGLISH

(Total 200 Marks)
(Total 66 Questions)

Unit – I (120 Marks)
(यूनिट – I) (120 अंक)

## सामान्य हिन्दी

Part – A Marks : 50
भाग – अ अंक : 50

RAS Topper Copies 2016

**नोट** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक हैं ।

1. निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए :
   (i) चित् + मय
   (ii) गति + अवरोध
   (iii) प्र + आंगन
   (iv) सुधा + अंशु

(i) चित् + मय = चिन्मय ✓½
(ii) गति + अवरोध = गत्यवरोध ✓½
(iii) प्र + आंगन = प्रांगण ✓½
(iv) सुधा + अंशु = सुधांशु ✓½

2. निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए :
   (i) भू + ऊर्ध्व
   (ii) अनु + छेद
   (iii) अति + उत्तम
   (iv) सह + उदर

भू + ऊर्ध्व = भूर्ध्व ✓½
अनु + छेद = अनुच्छेद ✓½
अति + उत्तम = अत्युत्तम ✓½
सह + उदर = सहोदर ✓½

3. निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए :

(i) रामायण

(ii) सहोदर

(iii) लोकेतर

(iv) शूर्पणखा

(i) रामायण = राम + अयन ✓½

(ii) सहोदर = सह + उदर ✓½

(iii) लोकेतर = लोक + इतर ✓½

4. निम्नलिखित उपसर्गों के संयोग से 2-2 शब्द बनाइए :

(i) गैर

(ii) कु

✓½ ✓½

(i) गैर – गैर-कानूनी, गैर-जरूरी

(ii) कु – कुमार्ग, कुसंगति

✓½ ✓½

5. निम्नांकित शब्दों में से उपसर्ग अलग कीजिए :

(i) परीक्षा

(ii) उत्थान

(iii) प्रमाण

(iv) पर्याप्त

RAS Topper Copies 2016

(i) परीक्षा = परि + ईक्षा ½

(ii) उत्थान = उद् + थान ½

(iii) प्रमाण = प्र + मान ½

(iv) पर्याप्त = परि + आप्त ½

6. निम्नांकित शब्द और प्रत्यय के योग से सही शब्द बनाइए :

(i) घूम + अक्कड़

(ii) मृ + अन

(iii) पठ् + अनीय

(iv) उत् + नति

(i) घूम + अक्कड़ = घुमक्कड़ ½

(ii) मृ + अन = मन 0

(iii) पठ् + अनीय = पठनीय ½

(iv) उत् + नति = उन्नति ½

7. निम्नांकित शब्दों में से प्रत्यय अलग कीजिए :

(i) दिखावा

(ii) कायिक

(iii) औदार्य

(iv) मित्रता

(i) दिखावा = देख + आवा ½

(ii) कायिक = काया + इक ½

(iii) औदार्य 0

(iv) मित्रता = मित्र + ता ½

RAS Topper Copies 2016

8. निम्नांकित शब्द-युग्म का अर्थ-भेद स्पष्ट कीजिए :
(i) अजर-अजिर
(ii) ऋत-ऋतु

✓½ 0

(i) अजर – जो कभी बूढ़ा ना हो ; अजिर – जो कभी खत्म ना हो
(ii) ऋत – सत्य ✓½ ; ऋतु – मौसम काल ✓½

9. निम्नांकित शब्द युग्म का अर्थ भेद स्पष्ट कीजिए :
(i) खर - खरा
(ii) देव - दैव

✓½ 0

(i) खर – शत्रु ; खरा – सच्चा
(ii) देव – देवता ✓½ ; दैव – देवता से 0 संबंधित

10. निम्नांकित वाक्यांशों के लिए एक सार्थक शब्द लिखिए :
(i) उत्तर और पूर्व के बीच की दिशा
(ii) वह जमीन जिसमें अच्छी पैदावार हो ।

(i) ईशान
(ii) उर्वर

✓2

RAS Topper Copies 2016

11. निम्नांकित वाक्यांशों के लिए सार्थक शब्द लिखिए :

(i) जानने की इच्छा रखने वाला

(ii) सप्ताह-सप्ताह में होने वाला

(i) जिज्ञासु

(ii) साप्ताहिक

2

12. निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए :

(i) किसी और दूसरे से परामर्श लीजिए ।

(ii) ये इस जिले के लब्ध प्रतिष्ठित व्यक्ति है ।

(i) किसी और से परामर्श लीजिए।

(ii) ये इस जिले के लब्ध ~~प्रतिष्ठ~~ प्रतिष्ठ हैं।

या

ये इस जिले के प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं।

2

13. निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए :

(i) आप मेरे ऊपर भरोसा कर सकते हैं ।

(ii) वे अपने आत्म-सम्मान की रक्षा करना चाहते हैं ।

(i) आप मुझ पर भरोसा कर सकते हैं।

(ii) वे आत्म-सम्मान की रक्षा करना चाहते हैं।

या

2

वे अपने सम्मान की रक्षा करना चाहते हैं।

RAS Topper Copies 2016

14. निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए :
(i) संग्रहित (ii) निरोग
(iii) वापिस (iv) मिस्ठान

(i) संगृहीत
(ii) नीरोग
(iii) वापस
(iv) मिष्ठान्न

✓2

15. निम्नांकित प्रत्येक अंश में से शुद्ध शब्द छाँटिए :
(i) श्रंगार, चिह्न, अनुग्रहीत
(ii) आह्वान, त्यौहार, दुरावस्था
(iii) गत्यावरोध, प्रतिनीधि, वीभीषण
(iv) मोलिक, उज्जवल, व्यावहारिक

(i) ~~अनुग्रहित~~ चिह्न ✓½
(ii) आह्वान ✓½
(iii) वीभीषण 0
(iv) व्यावहारिक ✓½

16. निम्नांकित मुहावरों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए :
(i) अक्ल का दुश्मन (ii) आँखें चार होना

(i) कोई अक्ल का दुश्मन ✓1 ही होगा जो ऐसे सुनहरे अवसर को हाथ से जाने देगा।
(ii) जैसे ही मेरी राधा से आँखें चार हुई उसने लज्जा के मारे अपनी आँखें झुका ली। ✓1

RAS Topper Copies 2016

17. निम्नांकित मुहावरों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए :
(i) काठ का उल्लू (ii) जड़ जमाना

(i) मोहन को ना तो नौकरी मिल पा रही है और न ही उसका कोई धंधा चल पा रहा है, सचमुच वह तो काठ का उल्लू है।

(ii) राम के पिता अपने पुत्र को राजनीति में जड़े जमाने के लिए बहुत प्रयास कर रहे हैं।

18. निम्नलिखित लोकोक्तियों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए :
(i) आगे कुआँ पीछे खाई
(ii) आधा तीतर आधा बटेर

(i) उस खदान में काम करना मजदूरों के लिए आगे कुआँ पीछे खाई समान है, क्योंकि अगर वे काम करते हैं तो जान का खतरा है और नहीं करते हैं तो खाने के लाले पड़ जाएँगे।

(ii) जो कमीज राम ने पहन रखी है वह उसकी पतलून से बिल्कुल मेल नहीं खा रही, यह तो वह बात हो गयी कि आधा तीतर आधा बटेर।

19. निम्नांकित लोकोक्तियों का वाक्यों में सार्थक प्रयोग कीजिए :
(i) कर ले सो काम, भज ले सो राम
(ii) तबेले की बला बंदर के सिर

(i) मेरी माताजी हर कार्य को तत्काल करने में यकीन रखती है, वह कहती है कर ले सो काम, भज ले सो राम।

(ii) मेरे पड़ोसी के घर में आये दिन लड़ाई होती रहती है, और जब मैं बीच में बोलता हूँ तो सारा दोष मुझ पर डाल देते हैं। सच ही कहा है कि तबेले की बला बंदर के सिर।

RAS Topper Copies 2016

20. निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों के समानार्थक हिंदी शब्द लिखिए :
   (i) CORRIGENDUM
   (ii) ACCOUNTABILITY

(i) शुद्धि-पत्र

(ii) जवाबदेयता ✓2

21. निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों के समानार्थक हिन्दी शब्द लिखिए :
   (i) INTEGRITY
   (ii) MINUTES

(i) सत्यनिष्ठा ✓1

(ii) वृतांत 0

22. निम्नलिखित शब्दों के चार-चार पर्यायवाची लिखिए :
   (i) अश्व
   (ii) घर

(i) अश्व – बाजि, तुरंग, घोड़ा, हय

(ii) घर – निकेतन, सदन, आवास, कुटीर 0

✓1½

RAS Topper Copies 2016

23. निम्नांकित शब्दों के चार-चार पर्यायवाची लिखिए :

(i) हंस

(ii) बादल

(i) हंस –

0

(ii) बादल – जलद, तोयद, वारिद, मेघ

1

24. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :

(i) आविर्भाव

(ii) ईप्सित

(i) प्रादुर्भाव

0

(ii) अनीप्सित

1

25. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :

(i) पौरत्स्य

(ii) स्वकीय

(i)

(ii) स्वकीय – परकीय

1

RAS Topper Copies 2016

## Part – B
## भाग – ब

**Marks : 50**
**अंक : 50**

1. निम्नलिखित अवतरण का उचित शीर्षक दीजिए तथा लगभग एक-तिहाई शब्दों में संक्षिप्तीकरण कीजिए :

**अंक : 2 + 8 = 10**

जीवित रहना स्वयं एक कर्म है । जो जीवित है, वह कर्म करेगा ही । कर्म रहित स्थिति मृत्यु है । महत्त्वपूर्ण बात तो यह है कि हर मनुष्य को अपने स्वभाव और योग्यंता के अनुसार अथवा यों कहो कि स्वधर्मानुसार कर्म का चयन करने में स्वतंत्रता होनी चाहिए । जो कर्म मनुष्य की योग्यता और स्वभाव के अनुकूल होगा, वही उसके लिए शुभ भी होगा । उसी कर्म को पवित्र और नि:स्वार्थ भाव से करना अपने साथ मित्रता निभाना है । जो अपने से मित्रता करता है वह दूसरों का भी प्रिय हो जाता है और जो स्वयं से शत्रुता करता है वह शत्रुओं से घिरा रहता है । बाह्य शत्रुओं की अपेक्षा आंतरिक शत्रु अधिक खतरनाक होते हैं । इनसे छुटकारा पाने के लिए और स्वतंत्रतापूर्वक सुखी जीवन बनाने के लिए कर्म की पहेली समझ लेनी चाहिए तथा शत्रु-दमन का नहीं, अपितु आत्म-समन्वय का मार्ग अपनाना ही जीवन के लिए श्रेयस्कर सिद्ध हो सकता है । अपनी निजी मौलिक आवश्यकताओं की पूर्ति के अतिरिक्त दूसरों की सुख-सुविधाओं का पूर्ण ध्यान रखते हुए जो भी कर्म किया जाएगा, वह जीवन के श्रेष्ठतम विकास में अवश्य सहयोगी होगा । यही अध्यात्म का पथ है ।

। कर्म का महत्व । ✓1

मनुष्य के लिए जीवन में कर्म करना अत्यन्त आवश्यक है तथा यह कर्म उसको अपनी योग्यता व प्रकृति के अनुसार ही करना चाहिए। स्वयं की प्रकृति के अनुकूल किया गया कर्म ही मनुष्य जीवन को सफल बना सकता है। कर्म करते हुए इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि इससे दूसरो का अहित न हो।

✓2½

RAS Topper Copies 2016

2. निम्नलिखित सूक्ति का आशय स्पष्ट करते हुए विस्तार कीजिये । (**शब्द सीमा** : लगभग **150** शब्द) **अंक 10**
"करत-करत अभ्यास के, जड़मति होत सुजान ।"

उपर्युक्त सूक्ति से आशय है कि निरंतर अभ्यास करने से मूर्ख व्यक्ति भी बुद्धिमान बन सकता है।

अभ्यास से अर्थ है कि कार्य को बार-बार अधिकाधिक उत्साह व ध्यान से दोहराना। ऐसा करने पर व्यक्ति को कार्य की बारीकियाँ धीरे-धीरे समझ आने लग जाती हैं। हर बार वह अपनी पिछली गलतियों से सीखता है और उसे अगले प्रयत्न में सही करने की कोशिश करता है। इस निरंतर अभ्यास के चलते व्यक्ति का मस्तिष्क और मन उस कार्य में तल्लीन हो जाता है जिसकी वजह से व्यक्ति की कार्य कुशलता बढ़ती जाती है और एक वक्त ऐसा आता है जब वह उस कार्य मे पारंगत हो जाता है। अभ्यास की महत्ता का वर्णन लगभग सभी धार्मिक और आध्यात्मिक ग्रंथों मे मिलता है जहाँ विभिन्न उदाहरणों द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि निरंतर अभ्यास से सफलता अवश्य मिलती है।

दुनिया में ऐसे अनेकों उदाहरण हैं जहाँ लोगों ने अभ्यास के माध्यम से अप्रत्याशित सफलता हासिल की है। महान वैज्ञानिक आइंस्टीन पढ़ाई में काफी कमजोर थे परन्तु उन्होंने अभ्यास से ऐसा मुकाम हासिल किया है जो अन्य

RAS Topper Copies 2016

सभी वैज्ञानिकों के लिए स्वप्न समान है। विभिन्न कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम भी अभ्यास पर आधारित होते हैं जहाँ निरंतर अभ्यास से कौशल अर्जित किया जाता है। विभिन्न शैक्षणिक विषय जैसे गणित इत्यादि अभ्यास पर बल देते हैं। अभ्यास के माध्यम से कलाकार अपनी कला में पारंगत हो पाते हैं।

अतः स्पष्ट है कि निरंतर अभ्यास करने पर अल्प बुद्धि वाला मनुष्य भी बुद्धिमान बन सकता है।

4

RAS Topper Copies 2016

3. पुलिस अधीक्षक अजमेर को एक पत्र लिखिये, जिसमें जिले में बढ़ रहे अपराधों को नियंत्रित करने का अनुरोध हो । **अंक 10**

(क ख ग)
आदर्श नगर,
जयपुर।
दिनांक : 28 मार्च, 2017

पुलिस अधीक्षक,
पुलिस अधीक्षक कार्यालय,
अजमेर।

विषय : जिले में बढ़ रहे अपराधों के नियंत्रण बाबत।

मान्यवर,

मैं आपका ध्यान जिले में पिछले पाँच-छह महिनों से बढ़ रहे अपराधों की तरफ दिलाना चाहता हूँ। जिले में आए दिन लूट-पाट, चोरी, छेड़-छाड़, लड़ाई-झगड़े तथा अन्य अपराधों की वारदातें हो रही है जिनकी वजह से लोगों का घर से निकलना तक मुश्किल हो गया है। कुछ ही दिन पहले हमारे मौहल्ले आदर्श नगर में दिन-दहाड़े एक व्यापारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। महिलाओं के साथ छेड़-छाड़ की घटनाएँ भी दिन-प्रतिदिन बढ़ रही हैं। हमने संबंधित पुलिस थाने में भी रिपोर्ट दर्ज करवाई परन्तु कुछ परिवर्तन नहीं दिखा। ये आपराधिक घटनाएँ सम्पूर्ण जिले में बढ़ रही हैं

RAS Topper Copies 2016

अतः जिला स्तर पर एक कुशल कार्यक्रम बनाकर ही इनसे निपटना संभव हो सकेगा। पुलिस की गश्ती में भी अनियमितता देखने को मिल रही है, इस वजह से अपराधियों में खौफ नही है।

अतः आपसे अनुरोध है कि मामले की गंभीरता के मद्देनजर त्वरित कार्यवाही की जाये ताकि कानून-व्यवस्था फिर से सुचारू हो सके व अपराधों पर नियंत्रण हो सके।

सधन्यवाद

भवदीय

(क ख ग)

आदर्श नगर,

जयपुर।

3

RAS Topper Copies 2016

4. एक अर्द्ध शासकीय पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए, जिसमें किसी कुलपति, विश्वविद्यालय के द्वारा इतिहास विषय के आचार्य को नवीन पाठ्यक्रम हेतु पुस्तक सूची तैयार करने हेतु आदेशित किया गया हो । **अंक 10**

कुलपति
राजस्थान विश्वविद्यालय
जयपुर
दिनांक: 28 मार्च, 2017
अ.शा.प.क्र. प(क)/रा.वि/17/05

अ, ब, स
कुलपति, राजस्थान विश्वविद्यालय

प्रिय श्री क ख ग

मैं आपका ध्यान हाल ही में हुए पाठ्यक्रम बदलाव की तरफ दिलाना चाहता हूँ जिसके चलते ~~इस~~ इतिहास विषय के लिए संदर्भ पुस्तकों की नई सूची की आवश्यकता होगी। अन्य सभी विषयों के आचार्यों ने पुस्तक सूचियाँ मेरे कार्यालय में जमा करा दी है।

अतः आपसे निवेदन है कि विषय को गंभीर मानकर तुरन्त पुस्तक सूची तैयार करके भेजे ताकि विद्यार्थियों का अध्ययन प्रभावित ना हो।

आपके जवाब की प्रतीक्षा में।

हार्दिक मंगलकामनाओं सहित

हस्ताक्षर
(अ ब स)
अ ब स

2½

RAS Topper Copies 2016

कुलपति
राजस्थान विश्वविद्यालय

क ख ग
आचार्य (इतिहास)
राजस्थान विश्वविद्यालय

RAS Topper Copies 2016

5. स्वयं को जिला शिक्षा अधिकारी अ, ब, स मानते हुए अपने अधीनस्थ संस्थाओं के लिए आवश्यक लेखन तथा अन्य सामग्री की आपूर्ति हेतु एक निविदा का प्रारूप प्रस्तुत कीजिए । **अंक 10**

राजस्थान सरकार

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी

जयपुर।

प.क्र. प(क)/जिशिअ/निविदा/2017/05 दिनांक: 28 मार्च, 2017

निविदा सूचना सं - 2017/05

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जयपुर द्वारा लेखन व अन्य सामग्री क्रय हेतु मोहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से निर्धारित शुल्क अदा कर दिनांक 05 अप्रैल 2017 से पहले प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल 2017 है तथा निविदाएँ 25 अप्रैल को खोली जाएँगी।

सामग्री का विवरण

| क्र.सं. | नाम | संख्या | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्यामपट्ट | 200 | 20000 | 400 | 1 माह |
| 2. | टेबल-कुर्सी | 100 | 10000 | 200 | 1 माह |

शर्तें:

(1) निविदा संबंधी सभी अधिकार यथा तिथि परिवर्तन इत्यादि कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी जयपुर के पास रहेंगे।

RAS Topper Copies 2016

(2) माल में त्रुटि पाये जाने पर धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।

(3) समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जिला न्यायालय जयपुर होगा।

4

हस्ताक्षर

(अ, ब, स)

अ, ब, स

जिला शिक्षा अधिकारी

जयपुर)

RAS Topper Copies 2016

Part – C
भाग – स

Marks : 20
अंक : 20

निम्नांकित विषयों पर निबंध लिखिए : (शब्द सीमा **100-150** शब्द) अंक **10**

(1) जनसंचार माध्यम और हिंदी : दशा और दिशा

जनसंचार के माध्यमों से तात्पर्य उन साधनों से है जिनसे जनता में सूचना का प्रसार होता है। टेलीविजन, रेडियो, इंटरनेट आदि प्रमुख जनसंचार माध्यम है। जनसंचार माध्यमों का विकास अधिकांशतः पश्चिमी देशों में हुआ है अतः इन माध्यमों में हिंदी का प्रयोग बहुत ही कम देखा जाता है। वर्तमान में सर्वाधिक प्रचलित जनसंचार माध्यम इंटरनेट है परन्तु इंटरनेट पर अधिकांश सुविधाएँ अंग्रेजी भाषा में ही उपलब्ध है जो कि हिंदीभाषी देश। भारत के लोगों के लिए एक चुनौती से कम नहीं है। कम्प्यूटरों के ऑपरेटिंग सिस्टम भी अंग्रेजी भाषा में निर्देश देते है अतः कम्प्यूटर शिक्षा भी भारत में उतनी नहीं फैल पायी।

देश में जनसंचार माध्यमों में हिंदी का प्रयोग बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रयत्न किये जा रहे हैं। एन.आई.सी नामक संस्था जो भारत में सूचना प्रौद्योगिकी विकास के ~~लि~~ लिए जिम्मेदार है, ने एक ऑपरेटिंग सिस्टम तैयार किया है जो संविधान द्वारा उल्लेखित सभी 22

RAS Topper Copies 2016

भारतीय भाषाओं में निर्देश देता है। विभिन्न सरकारी वेबसाइट का भी हिंदी रूप आ गया है।

अतः कह सकते हैं कि हिंदी का जनसंचार में विकास शुरू हो चुका है तथा उचित मार्ग पर है।

4

RAS Topper Copies 2016

(2) भारत की वर्तमान विदेश नीति अंक 10

भारत की विदेश नीति अनेक कारकों से प्रभावित रही है जैसे ऐतिहासिक, भौगोलिक, वैचारिक, सामरिक आदि। स्वतंत्रता के पश्चात भारत ने पंचशील की नीति अपनायी तथा शीत युद्ध के दौरान दोनो गुटों से अलग रहने की नीति ~~अपनाई~~ अपनायी। 1990 के आर्थिक संकट के बाद से भारत को अपनी इन दोनों नीतियों में बदलाव करना पड़ा तथा भारत शक्तिशाली देशों जैसे अमेरिका, दक्षिणी पूर्वी देश आदि के साथ समझौते करने लगा।

देश की वर्तमान विदेश नीति 1990 तथा 2000 के दशक से भी ~~काफी~~ काफी अलग है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की विदेश नीति में काफी बदलाव किये है। अब भारत विश्व के सभी मुद्दों, जिनसे भारत प्रभावित होता है, पर अपनी राय रखने लगा है। दक्षिणी चीन सागर में चल रहे शीत युद्ध में भारत वियतनाम के पक्ष में बोलता है तथा वियतनाम की हरसंभव सहायता के लिए तैयार रहता है। वर्तमान विदेश नीति के तहत प्रधानमंत्री विदेश दौरों पर भारत में निवेश प्रोत्साहन के लिए भी कार्य कर रहे है। हाल ही में जर्मनी यात्रा में 'मेक-इन-इंडिया' के लिए तथा

RAS Topper Copies 2016

अमेरिका यात्रा में 'डिजीटल इंडिया' के लिए निवेश के प्रस्ताव रखे। भारत अपने पड़ोसी देशों के साथ शांतिप्रिय संबंध बनाकर रखने के लिए भी प्रयत्नशील है। म्यांमार, बांग्लादेश, नेपाल तथा भूटान के साथ इस दिशा में विभिन्न समझौते भी किये गये है।

इस प्रकार से स्पष्ट है कि भारत की वर्तमान विदेश नीति देश के औद्योगिक विकास के लिए प्रयत्नशील है तथा देश को विश्व स्तर पर ख्याति दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

RAS Topper Copies 2016

Unit – II

(यूनिट – II)

(80 Marks)

(80 अंक)

General English

Part – A

Marks : 20

**Note :** Attempt **all** questions. Each question carries **1** mark.

Identify the error/errors if any and rewrite the following sentences : **(Ques. No. 1-10)**

1. A virtuous are respected by all.

Virtuous are respected by all.

0

2. Can I have any more sugar please ?

Can I have some more sugar please ?

1

3. We were not invited for lunch.

0

No error.

4. Write your name in the top of the page.

Write your name on the top of the page.

1

RAS Topper Copies 2016

5. She is learning English for five years.

She has been learning English for five years.

✓ 1

6. She was playing the sitar when the bell was ringing.

She was playing the sitar when the bell rang.

✓ 1

7. Walk fast lest you would miss the train.

Walk fast lest you should miss the train.

✓ 1

8. Should you like tea or coffee ?

Would you like tea or coffee ?

✓ 1

9. With what will you satisfied ?

With what will you be satisfied ?

✓ 1

10. She said me she did not like tea.

She told me that she did not like tea.

✓ 1

RAS Topper Copies 2016

Choose the correct word/phrase : **(Ques. No. 11-15)**

11. The opposite of the word 'attract' is distract/repel.

repel

1

12. The word 'delicious' is similar in meaning to the word tasty/flavoured.

tasty

1

13. The antonym of the word wisdom is folly/experience.

Folly

1

14. In the end he made up/made out his mind to go by train.

In the end he made up his mind to go by train.

1

15. "To burn the midnight oil" means that someone studies at night with the help of an oil lamp/works late at night.

works late at night

1

RAS Topper Copies 2016

Write one word substitutes for the following expressions : **(Ques. No. 16-18)**

16. A word or statement which can be interpreted in more than one way.

1 Ambiguous

17. Someone incapable of being corrected.

Incorrigible

1

18. Impossible or very difficult to believe.

Incredulous

0

Select the correct word/phrase **(Ques. No. 19-20)**

19. We complimented/complemented the dancer after her outstanding performance.

1 complimented

20. I met an imminent/eminent professor of English today.

eminent

1

RAS Topper Copies 2016

Part – B **Marks : 30**

(A) Read the passage given below and answer the questions that follow : **(Ques. No. 21-25)**

**Marks : 5 × 2 = 10**

Scientists tell us that without the presence of the cohesive force among the atoms that comprise this world, it would crumble to pieces and we would cease to be and even as there is cohesive force that binds matter so must there be in all things animate. The name for that cohesive force among animate beings is love. We have to learn to use that force and in the use of it consists our knowledge of God. Where there is love there is life; hatred leads to destruction. Only with love would a well-ordered society be intelligible and life worth living.

All the teachers that have ever lived have preached this law with more or less the same vigour. If love was not the law of life, life would not have persisted in the midst of death. Life is the perpetual triumph over the grave. If there is a fundamental distinction between man and beast, it is the former's progressive recognition of the law and its application and practice in his personal life. All the saints of the world, ancient and modern, approve of this supreme law of our being. That the brute in us seems so often to gain an easy triumph is true enough. But that does not disprove the law. It shows the difficulty of practicing it.

RAS Topper Copies 2016

21. What's 'force' the writer is talking about ? How does it bind things animate ?

The write is talking about 'love' as a cohesive force which binds things animate by creating a well-ordered society and making life worth living.

✓ 1

22. What according to the writer, does the knowledge of God consist in ?

The knowledge of God consists in the use of the cohesive force called 'love'.

1

RAS Topper Copies 2016

23. When and how would life be worth living ?

Life would be worth living when there would be love spread everywhere and society would be well-ordered.

1

24. What would happen if love was not there ?

If love was not there, there would be destruction, ~~and~~ social order would get disturbed and life wouldn't remain worth living.

1

25. Give the meaning of the word 'triumph' and use it in a sentence of your own.

'triumph' means victory.

Triumph of Mohammad Ghori over Prithviraj Chauhan changed the course of history of India.

Marks

(B) Translate the following sentences into English : **(Ques. No. : 26-30)** **5 × 2 = 10**

26. कार्यकारिणी समिति की बैठक की कार्यसूची सदस्यों को नहीं वितरित की गई है ।

Agenda of the meeting of executive committee has not been distributed among the members.

27. सड़क के बीच खेलना बच्चों के लिए सुरक्षित नहीं है ।

It is not safe for children to play on street.

RAS Topper Copies 2016

28. ज्वालामुखी आग उगल रहा है ।

Volcano is erupting.

0

29. क्या तुम सब मुझसे सहमत हो ?

✓2 Do you all agree with me ?

30. वह इतना उदास क्यों लग रहा है ?

Why is he looking so sad ?

✓2

RAS Topper Copies 2016

Marks

(C) Write a precis of the following passage and give a suitable title : 10

31. If you were to ask various people the meaning of fitness, you would get different answers. Fitness is everything to most people, a precious commodity which enables us to live our lives to the full yet is really cherished only when it begins to fade away. To an older person, it might be a feeling of youthful vigour, to an athlete the capacity to run a mile in four minutes, to a stenographer the ability to type for eight hours at a stretch without developing aching shoulder muscles.
To a coach it is something that comes with training, to a physician it is a functional state of the body defined in technical terms. Fitness is all these things and more. It is strength, flexibility, agility, power, speed and muscular and cardiovascular endurance. It is the ability to enjoy our daily lives and to achieve our goals without undue fatigue or stress. It is having a reserve of physical stamina and strength for safety and the enjoyment of leisure activities. It is protection against degenerative diseases and feeling youthful even when we are growing old.

(184 Words)

Fitness – A Multidimensional Concept

Fitness has a number of meanings as different people consider it differently. For example, for older people it is a way of getting young while for younger people it is a way of life.

Concept of fitness includes strength, power, stamina etc. It makes human Immune system stronger and hence is instrumental in living life at its fullest.

5

RAS Topper Copies 2016

RAS Topper Copies 2016

Part – C

Marks : 30

32. Write a paragraph on any **one** of the following in approximately **200** words : Marks 10

(1) Generation Gap

(2) Women Empowerment

(3) Incredible India

Women Empowerment

Women empowerment means 'capacity building of women'. This term has become a hot topic for discussion in various intellectual meets and government is also formulating its policy keeping it in mind. Why has this term become so important? Is the conditions of woman in India such worse? The answer is 'yes'. Indian women and women worldwide have been subjected to gender based inequality since time immemorial. Their social, psychological, economic development is thwarted by the patriarchal mindset of the society. Women have very low literacy level, least representation in work force, politics and almost no say in family matters. They are subjected to various social evils such as domestic violence, dowry,

RAS Topper Copies 2016

sexual harrasment, early marriage, restriction on financial independence etc.

It is high time we start making serious efforts towards eliminating these discriminations and ill treatments, and make women equal partner in social ane economic growth. Under women empowerment governments of various countries are undertaking important measures such as increasing literacy level; reservation in jobs, institutes, politics; capacity building through skill training; enforcement of women safety and development related laws more vigourously; cultivating entrepreneurship habits etc.

Women are the half population of the world. 5 If they are left behind, world can't embark on the path of progress. Also, they are the creator and caretaker of next generation. So it is beyond any doubt that empowering women is the need of the hour and 'women empowerment' should be undertaken with utmost sincerity.

RAS Topper Copies 2016

Marks

33. Elaborate any **one** of the following themes in approximately **150** words : **10**

(1) No pain no gain

(2) Cell phone is more than a phone

(3) Uneasy lies the head that wears the crown.

Cell phone is more than a phone

It is very rightly said that cell phone is more than a phone. 'Telephone' literally means a device used to send voice to far off places. Cell phone was an extension over telephone. It made it possible to carry the device with us. So cell phone provides the basic facility of making calls which were provided by phones of earlier time, but cell phone provides much more than just voice calling. It has an array of features in it such as games, camera, voice-recorder, calculator and various other applications. With the advent of broadband and mobile internet, it has become even more advanced.

RAS Topper Copies 2016

Today cell phone is being seen as a measure of socio-economic development. Indian government's recently launched JAM trinity (Jandhan-Adhar-Mobile) is an example where cell phone is used for direct benefit transfer (DBT). Cell phone has made it possible to use various services such as banking anywhere. Cellphone has also some negative consequences. Cyber security has become even more vulnerable due to wide-scale internet use on cellphones. Spreading rumours, defamatory message, communally sensitive remarks are some other adverse consequences.

In this way cell-phone has become quite like a centre point of our livers, around which revolves all activities of our day to day life. So without any doubt, cell phone is much more than a phone.

5

RAS Topper Copies 2016

Marks 10

34. Write a letter to the Municipal Commissioner of your city complaining about the poor sanitary conditions of your locality and the mosquito menace caused by this.

(150 Words)

**OR**

As a member of the State Pollution Control Board, write a report on the level of air pollution in and around your town.

xyz
Examination Hall
Jaipur
March 28, 2017

Municipal Commissioner
Municipal Corporation
Jaipur

Subject: Poor sanitary conditions and mosquito menace.

Sir,

I, as a resident of ward no. 7, Jaisingh Nagar would like to draw your kind attention towards the deteriorating sanitary conditions of our locality. All the sewer drains are filled with sludge, streets are full with pits where dirty water has accumulated and mosquitoes are breeding.

RAS Topper Copies 2016

Two cases of Dengue have already been reported and much more are likely. Sanitation workers do not come regularly, even if they come they are least interested in doing any cleaning. Air of the locality has become such that it is not possible to breathe due to foul smell. Children and old people are worst affected. Many ~~pati~~ ill people have even gone to their relatives' houses.

I, therefore, would request you to consider the matter personally and make necessary efforts.

Thanking you

Yours faithfully

xyz

ward no. 7, Jaisinghnagar

RAS Topper Copies 2016